
# फ्लाइट द्वारा भूटान यात्रा, थिम्पू, फुंटशोलिंग, पारो, पुनाखा

**यात्रा समयः 07 दिन**




**यात्रा प्रारम्भः 19 मार्च, 21 अप्रैल, 14 जुलाई व 15 सितम्बर 2026**

| दिन | दर्शनीय स्थल |
|---|---|
| पहला दिन | **दिल्ली** से फ्लाइट द्वारा बागडोगरा पहुँचकर गाड़ी द्वारा भूटान बॉर्डर के लिए प्रस्थान। (रात्रि विश्राम जयगांव/फुंटशोलिंग)। |
| दूसरा दिन | **फुंटशोलिंग** से थिम्पू के लिए प्रस्थान। रास्ते में हिमालय की गोद में बहते सुंदर झरनों (वॉटरफॉल) का आनंद लेते हुए यात्रा करें। थिम्पू शहर पहुँचकर और स्थानीय बाजारों का भ्रमण करें। होटल में चेक-इन कर रात्रि विश्राम थिम्पू। |
| तीसरा दिन | **पुनाखा** के लिए थिम्पू से प्रस्थान। पुनाखा द्ज़ोंग, सस्पेंशन ब्रिज और सुरम्य घाटियों का दर्शन किया जाएगा। दिनभर प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के बाद वापसी थिम्पू। (रात्रि विश्राम थिम्पू)। |
| चौथा दिन | **थिम्पू** बुद्धा पॉइंट, मेमोरियल चोर्टेन, हिन्दू टेम्पल भ्रमण कराते हुए पारो की ओर प्रस्थान। रास्ते भर पहाड़ी नजारों, पारो चू नदी और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद। (रात्रि विश्राम पारो)। |
| पाँचवां दिन | **पारो** नेशनल म्यूजियम, पारो द्ज़ोंग, टाइगर नेस्ट व्यू पॉइंट, रात्रि पारो। |
| छठवां दिन | **पारो** से चुखा बाँध दिखाते हुए जयगांव बॉर्डर हेतु प्रस्थान (रात्रि विश्राम जयगांव/सिलीगुड़ी)। |
| सातवां दिन | **बागडोगरा** से फ्लाइट द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान, दिल्ली एयरपोर्ट पर मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा समाप्त। |

**यात्रा का किरायाः-** होटल में भोजन, चाय, नाश्ता, घूमने के लिए मिनी बस, डबल बेड होटल रूम व फ्लाइट से आने जाने का किराया ₹**48,001/-** प्रति सवारी होगा। अग्रिमबुकिंग हेतु ₹**10,001/-** प्रति यात्री 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के S.B.I. बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा से पूर्व ली जायेगी। ओरिजनल वोटर आई.डी./पासपोर्ट साथ में लाना अनिवार्य है। दर्शनीय स्थलों का प्रवेश शुल्क यात्रियों द्वारा वहन किया जाएगा। कृपया भूटान विदेश यात्रा के नियम पेज नं. 36 को ध्यान पूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक कराये।

# भूटान विदेश यात्रा के नियम व सुविधाएँ

| यात्रा समय | यात्रा शुल्क | बुकिंग राशि |
|---|---|---|
| 7 दिन | ₹48,000/- प्रति व्यक्ति फ्लाइट द्वारा | ₹10,000/- प्रति यात्री |
| 9 दिन | ₹40,000/- प्रति व्यक्ति राजधानी रेल द्वारा | ₹5,000/- प्रति यात्री |

**फ्लाइट यात्रा** में दिल्ली से बागडोगरा आने–जाने की टिकट व **राजधानी रेल यात्रा** में दिल्ली से आने–जाने की टिकट रहेगी साथ ही दोनों यात्रा में पुश बैक डीलक्स बस/मिनी बस यात्रा, डबल बेड होटल रूम, भोजन, चाय, नाश्ता व भूटान सरकार का सस्टेनेबल डेवलपमेंट शुल्क (SDF) ₹1,200 प्रतिदिन का खर्च यात्रा किराये में शामिल है। अग्रिम बुकिंग हेतु 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के S.B.I. बैंक खाते में जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा से पूर्व ली जायेगी। विशेष सूचना: यदि कोई यात्री बुकिंग के बाद यात्रा रद्द करता है, तो अग्रिम राशि वापसी नहीं की जाएगी।

**भोजन व निवास:** प्रतिदिन चाय, नाश्ता, दोपहर व रात का शाकाहारी भोजन मिलेगा। जो होटल मेनू में निश्चित रहेगा। भोजन होटल या स्थानीय रेस्तरां में उपलब्धता अनुसार दिया जाएगा। यात्रियों को डबल बेड कमरे दिए जाएँगे। यदि कोई यात्री सिंगल रूम लेना चाहता है तो उसे ₹**5,000/-** अतिरिक्त शुल्क देना होगा। होटल का चेक-इन/चेक-आउट स्थानीय नियमों एवं समय के अनुसार होगा।

**हवाई यात्रा व सामान नियम:** हवाई यात्रा हेतु प्रत्येक यात्री को 15 किलो तक का चेक-इन सामान एवं 7 किलो तक का हैंड बैग ले जाने की अनुमति होगी। अतिरिक्त सामान का शुल्क यात्रिओं द्वारा स्वयं दिया जाएगा। पावर बैंक केवल हैंड बैग में ही रखें। कैंची, नेल कटर, चाकू, नारियल तथा अन्य नुकीली वस्तुएँ फ्लाइट में ले जाना वर्जित है। यात्रियों को उनका बोर्डिंग पास फ्लाइट से 12 घंटे पूर्व **WhatsApp** पर भेज दिया जाएगा। यात्रा हेतु कृपया फ्लाइट प्रस्थान समय से 3 घंटे पहले संबंधित टर्मिनल पर संस्था के प्रतिनिधि से मिलें। हवाई यात्रा के नियम यात्रियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार ही लागू होंगे।

**आवश्यक दस्तावेज:** यात्रा के लिए पासपोर्ट या वोटर कार्ड की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। पासपोर्ट की वैधता यात्रा तिथि से कम से कम 6 महीने शेष होनी चाहिए। भूटान सरकार द्वारा आपकी असली वोटर आई.डी. व पासपोर्ट की जाँच की जाती है। कृपया संबंधित अधिकारियों को पूरा सहयोग दें और वहां के नियमों का पालन करें।

**स्थानीय परिवहन:** यात्रा हेतु A/C बस/वैन/मिनी कोच की व्यवस्था की जाएगी। ग्रुप के अनुसार वाहन चुना जाएगा।

**विशेष निर्देश व नियम:** दर्शनीय स्थलों के प्रवेश शुल्क, बोटिंग, रोपवे, पोर्टर, वाटर स्पोर्ट्स, एडवेंचर गतिविधियाँ, पारंपरिक शो तथा व्यक्तिगत शॉपिंग आदि के खर्च पैकेज में शामिल नहीं हैं। हमारे द्वारा उल्लेखित सुविधाओं के अतिरिक्त यदि यात्री स्वयं कोई अतिरिक्त खर्च करते हैं, तो उसका भुगतान उन्हें स्वयं करना होगा। भूटान में आगमन के बाद, आप एयरपोर्ट पर अपनी आवश्यकता अनुसार स्थानीय मुद्रा (रूपया) और सिम कार्ड ले सकते हैं। अपने सामान और सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक यात्री की स्वयं होगी। किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत बीमारी, दुर्घटना या मूल्यवान वस्तुओं के नुकसान की जिम्मेदारी संस्था नहीं लेगी। अगर कोई यात्री अस्वस्थ होकर यात्रा बीच में छोड़ देता है, तो वाहन की व्यवस्था और खर्च यात्री का स्वयं की जिम्मेदारी होगी। कोई भी राशि वापसी नहीं की जाएगी। आपात स्थिति में अस्पताल या डॉक्टर की व्यवस्था की जा सकती है, स्वयं यात्री के खर्चे पर। यदि कोई यात्री निर्धारित समय पर नहीं पहुँचता है, तो उसे अगले स्थान तक अपने खर्च पर पहुँचना होगा। परिवहन निर्धारित स्थलों की पार्किंग तक ही जाएंगी, वहाँ से दर्शनीय स्थलों की दूरी बहुत कम होगी, यात्री स्वयं के खर्च पर पैदल या रिक्शा द्वारा वंहा जा सकते हैं। टाइगर नेस्ट जाने वाले इच्छुक यात्रियों को प्रातः 5 बजे निकलना होगा। मार्ग में 5 किलोमीटर (एक तरफ) की चढ़ाई चलकर जाना होगा।

**जरुरी दिशा-निर्देश:** यात्रा के दौरान यदि कोई यात्री किसी भी कारण से कस्टम या विदेशी नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं यात्री की होगी। ऐसी स्थिति में संस्था किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी। यात्रा को न तो रोका जाएगा और न ही स्थगित किया जाएगा, और न कोई शुल्क वापस किया जाएगा। यदि स्थानीय कानून के अंतर्गत कोई कार्यवाही होती है, तो उसका दायित्व पूर्णतः संबंधित यात्री का होगा। अतः निवेदन है कि वे विदेश के सभी नियमों और कानूनों का पालन करें।

**आपात स्थिति व परिवर्तन:** बाढ़, भूकंप, युद्ध, दंगा, आतंकवादी गतिविधि, त्योहार, औद्योगिक विवाद, प्राकृतिक या परमाणु आपदा, खराब मौसम, महामारी, आग, बस/प्लेन/रेल के विलम्ब आदि के कारण कुछ स्थलों के दर्शन संभव नहीं हो पाते हैं तो ऐसी स्थिति में कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में यदि यात्रा बाधित होती है, तो संस्था किसी प्रकार के हर्जाने या मुआवजे के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। यात्रा संस्था आपकी सुविधा का पूरा प्रयास करता है, फिर भी यात्रा के दौरान कुछ असुविधा संभव है। कृपया इसे स्वीकार करें और मैनेजर को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।